मप्र जन अभियान परिषद ने स्थापना दिवस पर किया कार्यक्रम

स्वैच्छिकता के भाव से समाजहित में कार्य करने के लिए चौबे और अग्रवाल को किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। स्वैच्छिकता और सामूहिकता के भाव को समाज में स्थापित करने के उद्देश्य से गठित मप्र जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस 4 जुलाई के अवसर पर स्वैच्छिकता पर्व कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी के विधि विभाग के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद मधुसूदन चौबे, विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भरत अग्रवाल, अमित भार्गव अध्यक्ष जन भागीदारी समिति महाविद्यालय शिवपुरी, प्रो. दिग्विजय सिंह सिकरवार विभागाध्यक्ष लॉ कॉलेज शिवपुरी, अध्यक्षता डॉ. पवन श्रीवास्तव प्राचार्य श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी, डॉ रीना शर्मा जिला समन्वयक शिवपुरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया जन अभियान परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिकता पर्व की रूपरेखा एवं परिषद की कार्य संकल्पना से सभी को अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के संदेश का वाचन जन अभियान परिषद् की जिला समन्वयक डॉ. रीना शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर का वर्चुअली संदेश सभी को सुनाया गया एवं परिषद् द्वारा किए गए कार्यों की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए शिक्षाविद मधुसूदन चौबे ने बताया कि जब में पढ़ता था तो मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी जिस कारण से में ट्यूशन नहीं पढ़ पाता था। मैंने सोचा कि अगर में शिक्षक बन गया तो में ऐसे बच्चों को पढ़ाऊंगा। इसी भाव से मैंने सेवा शिवपुरी संस्था बनाकर यह कार्य प्रारंभ किया आज यह बड़ा रूप ले चुका है। अतः हम सभी इसी भाव से कार्य करे। कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता भरत अग्रवाल ने बताया कि लोगों की सेवा करने में जो आनंद है वो हमें कही नहीं मिल सकता। जब मैने सर्वाइकल से पीड़ित लोगों का निःशुल्क उपचार शुरू किया तो सोचा नहीं था कि इतने लोग आयेंगे। आज जब लोगों को उपचार के बाद संतुष्टि के भाव देखता हूं तो सुखद अनुभूति होती है। जन अभियान परिषद भी इसी भाव से कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में प्रो दिग्विजय सिंह सिकरवार द्वारा बताया कि जन अभियान परिषद का गठन ही समाज एवं शासन के बीच समन्वय करते हुए स्वैच्छिकता एवं सामूहिकता के साथ कार्य करने हेतु किया गया। आज जन अभियान परिषद अपनी प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था एवं सीएमसीएलडीपी के माध्यम से सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। कार्यक्रम को जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष अमित भार्गव द्वारा भी संबोधित किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा कहा गया कि जन अभियान परिषद जो कार्य कर रहा है वो सराहनीय है। पौधारोपण हो या जल संरक्षण या अन्य कोई भी अभियान परिषद की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है। कार्यक्रम में स्वैच्छिकता के भाव से समाजहित में कार्य करने हेतु सम्मानीय मधुसूदन चौबे एवं भरत अग्रवाल को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया एवं परिषद् के नेटवर्क द्वारा विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अंत में सभी लोगों को स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई। तथा सभी ने मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत महाविद्यालय प्रांगण में स्थित वाटिका में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक शिशुपाल सिंह जादौन, महेश परिहार,राम कुमार तिवारी, अभिलाषा शर्मा, रेखा श्रीवास्तव, राधा शर्मा, उपेंद्र दुबे, देवी शंकर शर्मा तथा परिषद् से जुड़ी नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं एवं परामर्शदाताओं सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेलवे सुविधा संघर्ष समिति ने सभी को सहयोग के लिए किया धन्यवाद

नवभारत न्यूज

बदरवास, 4 जुलाई। नगर के रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की प्यास बुझाने हेतु सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा जारी जलसेवा कार्यक्रम के समापन पर समिति ने इस महत्वपूर्ण पुण्य कार्य में सहभागी बने रेलवे स्टेशन स्टाफ सहित अन्य सहयोगियों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर सबका आभार मानते हुए सभी को सम्मानित किया। रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मियों में यात्रियों की प्यास बुझाने हेतु सामाजिक संस्था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा पूरी गर्मियों में प्यासे यात्रियों को आरओ कैम्पर का शीतल जल पिलाकर जलसेवा का पुण्य और पुनीत कार्य किया जा रहा था रेलवे सुविधा संघर्ष समिति की इस मुहिम को परोपकारी लोगों का बहुत सहयोग मिला।जनसहयोग से जारी इस जलसेवा में जलसेवक प्यासे यात्रियों को ट्रेन की हर बोगी तक पहुंचकर प्रेम और आग्रह पूर्वक यात्रियों को शीतल जल पिलाने और आगे के रास्ते के लिए उनकी सुविधा हेतु बोतलों को भरने का काम कर रहे थे। रेलवे सुविधा संघर्ष समिति की इस मानवता से ओतप्रोत पहल और सेवा की प्रशंसा संपूर्ण क्षेत्र में हो रही है। गत दिनों इस जलसेवा में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सहयोगियों,रेलवे स्टेशन प्रबंधक विनोद शर्मा और स्टाफ सहित सभी का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। सम्मान कार्यक्रम में सभी को माला पहनाकर और शॉल तौलिया भेंटकर मिठाई खिलाई गई और सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बदरवास रेलवे स्टेशन प्रबंधक विनोद शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रेलवे सुविधा संघर्ष समिति द्वारा भीषण गर्मियों में अनवरत रूप से यात्रियों हेतु जलसेवा का जो क्रम नियमित जारी रहा उसके लिए समिति और सभी जलसेवक बधाई के पात्र हैं। गर्मियों में टपकते पसीने के बीच भी जलसेवक धूप में यात्रियों को पानी पिलाने हेतु डटे रहे यह मानवता की सच्ची मिसाल है। कार्यक्रम के अंत में सभी जलसेवकों और सहयोगियों का समिति सदस्यों ने धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

बदरवास में हुआ कार्यक्रम,भोपाल से किया गया सीधा प्रसारण

नवभारत न्यूज

बदरवास, 4 जुलाई। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए बारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को लेपटॉप राशि वितरण हेतु ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम बदरवास के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी छात्राओं ने देखा जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वन क्लिक के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप खरीदने हेतु पच्चीस हजार की राशि भेजी। बदरवास के कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखना चाहिए। मेधावी बच्चों के प्रोत्साहन के लिए सरकार अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में प्राचार्य चंद्रवीरसिंह सेंगर, गोविन्द अवस्थी, ममता यादव, कपिल परिहार ने अपने विचार रखे। स्कूटी और लैपटॉप प्राप्त करने वाली छात्राओं को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर ममता श्रीवास्तव, बसंती मिंज, शशि गुप्ता, उदयसिंह रावत, विनीता कुशवाह, मिथलेश मीणा, शैलेंद्र भदौरिया, महेंद्र कुशवाह, हरवीर यादव, निर्मला शर्मा, दलवीर सिंह, हितेंद्र कुशवाह, शालिनी श्रीवास्तव, नावेद अली, बलराम परिहार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

शोकसभा आयोजित कर दिवंगत प्रवीण सेन को अर्पित की श्रद्धांजलि

शिवपुरी। सेन समाज विकास संगठन के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा के निधन पर शिवपुरी सेन समाज ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व जिलाध्यक्ष धनीराम सेन धन्नू ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा का दिनांक 30 जून को आकस्मिक निधन हो गया जिसको लेकर नाई की बागिया स्थित नारायणी माता मंदिर के परिसर में शोक सभा आयोजित कर समस्त सेन समाज ने पुष्प अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी एवं दिवंगत प्रवीण सेन की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उन्होंने बताया कि प्रवीण सेन एक मिलनसार और सेवाभावी व्यक्ति थे। सेन समाज का हर सदस्य उनकी सेवा भावना से प्रभावित था, उनके आकस्मिक निधन से सेन समाज के सभी सदस्य शोक संतृप्त हुए है।

2,956 छात्र-छात्राओं को मिली लैपटॉप की राशि

जिला स्तरीय कार्यक्रम मानस भवन में संपन्न, 7 .39 करोड़ की राशि वितरित

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत आज मानस भवन, शिवपुरी में जिला स्तरीय लैपटॉप राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले शिवपुरी जिले के 2,956 छात्र-छात्राओं को 25-25 हजार की राशि वितरित की गई। इस प्रकार कुल 7 करोड़ 39 लाख की राशि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। छात्राओं द्वारा मंच से मातृ वंदना का वाचन भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व अध्यक्ष राजू बाथम, पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाह सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस योजना से विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन उपस्थितजनों द्वारा देखा और सुना गया। प्रदेश भर में कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 94,234 विद्यार्थियों को 25-25 हजार की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया है। जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने नई शिक्षा नीति लाकर जो कार्य किया है, वह अतुलनीय है। छात्र-छात्राओं को जो लेपटॉप की राशि का वितरण किया गया है, उस राशि का सदुपयोग करें। मध्यप्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं के माध्यम से आने वाले भविष्य को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। हमारा संकल्प है कि हम प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर व्यवस्थाओं से हमारे विद्यार्थियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि सरकार तन-मन-धन से आपके साथ खड़ी है। सभी छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़े और देश का मान बढ़ाए। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव द्वारा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा मानसी तिवारी निवासी धौलागढ़ का स्वागत करते हुए 5 हजार रूपए से पुरस्कृत भी किया गया।

वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल ने किया देहदान

सीएम यादव के अंगदान की अपील से हुए प्रेरित, ऑर्गन इंडिया का भरा फॉर्म

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। वरिष्ठ पत्रकार अशोक अग्रवाल ने देहदान का निर्णय लिया है। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक पत्र कलेक्टर को दिया। श्री अग्रवाल ने पत्र में लिखा कि मृत्यु के बाद उनके शरीर के सभी उपयोगी अंग जरूरतमंद लोगों को दान कर दिए जाएं। अंगदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शरीर को परिजनों को सौंपने का आग्रह किया है। इससे हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया जा सकेगा। उन्होंने अंगदान से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं और औपचारिकताओं को पूरा करने की तैयारी जता दी है। साथ ही आवश्यक फॉर्म और दस्तावेज भरने की भी सहमति दी है। अग्रवाल ने ऑर्गन इंडिया का फॉर्म भी भर दिया है। व्यवस्थित रूप से प्रक्रिया पूरी हो, इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देने की मांग की है। कलेक्टर के अलावा मेडिकल कॉलेज शिवपुरी के डीन को भी इसकी जानकारी दी गई है।

सीएमएचओ ने प्रायवेट हास्पिटल का किया निरीक्षण

दतिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.के वर्मा ने शुक्रवार को सिद्धी विनायक हॉस्पिटल ठण्डी सडक दतिया, श्री रामराजा हॉस्पिटल ठण्डी सडक दतिया एवं लाईफलाईन हॉस्पिटल ठण्डी सडक दतिया का औचक निरीक्षण किया। तीनो हॉस्पिटल मे कोई भी चिकित्सक निरीक्षण के समय उपस्थित नही पाया गया।

कोलारस पुलिस ने एक स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

शिवपुरी। कोलारस थाना पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। स्थाई/फरार वारंटियो की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना प्रभारी कोलारस निरीक्षक रवि चौहान ने मुखबिर की सूचना पर से एक स्थाई वारंटी अमर सिंह आदिवासी पुत्र लछुआ आदिवासी उम्र 35 साल निवासी ग्राम बेरखेड़ी थाना कोलारस जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया। उक्त कार्रवाई में निरी. रवि चौहान, प्रआर उदय सिंह तोमर, दिलीप सिंह राजावत, आरक्षक पुष्पेंद्र रावत, दीपक जाट की विशेष भूमिका रही।

राज्य कर्मचारी संघ ने समस्याओं को रखा जिलाधीश के समक्ष

जिला परामर्श दात्री की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई सम्पन्न, समस्याओं के निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। कर्मचारियों की समस्यओं के निराकरण हेतू जिला परामर्श दात्री की बैठक कलेक्ट्रेट में जिलाधीश रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई जिसमें डिप्टी कलेक्टर ब्रजेन्द्र सिंह यादव, ममता शाक्य सहित सभी विभाग प्रमुख एवं सभी मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित हुये। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ ने परामर्श दात्री की बैठक आयोजित करने पर जिलाधीश का आभार प्रकट करते हुये कर्मचारियों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया।

म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेन्द्र पिपलौदा एवं राज कुमार सरैया ने संयुक्त रूप से वताया कि काफी लम्बे समय से विभाग प्रमुखों द्वारा विभागीय परामर्शदात्री की बैठक समय पर आयोजित न होने से कर्मचारियों की समस्याओं का अंबार लग गया है। संघ ने विभागीय परामर्श दात्री की बैठकें आयोजित करने की मांग सहित जिले के समस्त विभागों की 14 सूत्रीय मांगों को बैठक की अध्यक्षता कर रहे कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के समक्ष रखा। जिन्हें गंभीरता से लेते हुये कलेक्टर शिवपुरी ने सभी विभाग प्रमुखों को कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश बैठक में दिये। कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुनने व त्वरित निराकरण की कार्यवाही किये जाने से समस्त कर्मचारी संघों ने जिलाधीश का आभार प्रकट किया है। परामर्श दात्री की बैठक में जिला संयोजक राजेन्द्र पिपलौदा एवं राजकुमार सरैया ने सभी विभागों के कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा उनमें शिक्षा विभाग में परीक्षानुमति दो वर्षों से जारी न करने, कम्प्रोन्नति, एरियरों का भुगतान, गुरूजी से शिक्षक बने कर्मचारियों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, प्रतिनियुक्ति समाप्त हुये शिक्षकों की पदस्थापना, वरिष्ठ शिक्षकों को विद्यालयों का प्रभार दिये जाने, उच्च मा.शिक्षकों को शीघ्र क्रमोन्ति, सेवा पुस्तिकाओं का नियमित संधारण, हड़ताल अवधि के वेतन का भुगतान, कर्मचारियों को डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका उपलब्ध कराने, विभागीय जांचों का शीघ्र निराकरण किये जाने, महिला बाल विकास में पर्यवेक्षकों के गोपनीय प्रतिवेदन भोपाल भेजने, पर्यवेक्षकों को टी.ए. देयकों का भुगतान, 4 प्रतिशत डीए एरियर, जिला चिकित्सालय में प्रत्येक माह 01 तारीख को वेतन का भुगतान, सर्विस बुकों का नियमित संधारण, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को ड्रेस आदि मांगें प्रमुख हैं। राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग जिलाधीश से की है। कर्मचारी संघो के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों मे हिम्मत सिंह सोनकर, दुबे जी बाथम, कौशल गौतम, मनोज भार्गव, पवन अवस्थी, स्नेह रघुवंशी, विपिन पचौरी, अरविन्द सरैया, अशोक कुमार असैया, धीरज सिंह राजपूत, अनिल गुप्ता, तारिक सिद्दकी, ब्रजेश शुक्ला, राजकुमार साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को किया पद से पृथक

दतिया। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया अरविंद उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यवेक्षक द्वारा विभिन्न आगंनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती शशि दांगी आंगनवाडी केन्द्र दिसवार, आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती प्रियंका दांगी आंगनवाडी केन्द्र सुजेड़ बंद मिला। साथ ही ग्रामवासियों द्वारा बताया कि अधिकाश केन्द्र बंद रहता है। उक्त कार्यकर्ताओं द्वारा गंभीर लापरवाही के कारण पद से पृथक किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायिका श्रीमती अर्चना दांगी आगंनवाडी केन्द्र कामद एवं सहायिक श्रीमती धनकुवंर यादव आंगनवाडी केन्द्र बिडनिया निरंत बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाह होने के कारण पद से पृथक किया गया।

हत्या के मामले में 10 हजार के इनामी चौथे आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। पिछोर थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में फरार चल रहे एक 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पिछोर टीआई जितेन्द्र सिंह मावई के अनुसार, 10 जून को बुधना नदी में जिस लड़के की लाश पानी में मिली थी उसकी लाश को गुंदी पुत्र बैजू जाटव उम्र 60 साल निवासी ग्राम हाजीनगर थाना करैरा ने अपने पुत्र सीताराम उर्फ वंटी जाटव उम्र 29 साल निवासी हाजीनगर थाना करैरा की लाश होना पहचाना मृतक के शोर्ट पीएम रिपोर्ट में भी बीएमओ सीएचसी पिछोर द्वारा मृतक की मृत्यु थ्रोट लिग से होना लेख किया गया था बाद जांच पर से अप.क्र.340/25 धारा 103(1), 238,115(2),3(5) बीएनएस एंव 3(2) (5) एससी एसटी एक्ट का कायम कर विवेचना लिया गया। अपराध हत्या का होकर गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपीगण को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये बाद एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में टीम घटित कर जिसमें निरी. जितेन्द्र सिंह मावई थाना प्रभारी पिछोर व पुलिस फोर्स द्वारा घटना दिनांक से ही आरोपीगण की लगातार तलाश करते हुए पूर्व में 3 आरोपीगण रामरतन लोधी, केरन लोधी, जयकुमार लोधी को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण का शेष आरोपी मुलायम पुत्र गिरधारीलाल लोधी उम्र 34 साल नि. ग्राम पडरा मजरा कुन्दनपुर थाना पिछोर जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था जिसे आज बस स्टेण्ड पिछोर से गिरफ्तार किया माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त उक्त कार्रवाई में निरी. जितेन्द्र सिंह मावई थाना प्रभारी पिछोर, उनि. अजय मिश्रा, सउनि. दिनेश पाण्डे, प्रआर. धर्मेन्द्र भट्ट, आर. रोहित उपाध्याय, आनंद लिटोरिया, कप्तानसिंह, कमलसिंह मांझी, कमल गुर्जर, प्रदीप नरवरिया की अहम भूमिका रही।

जिले में 13 .72 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

श्योपुर । जिले में 04 जुलाई को 13.72 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 04 जुलाई को श्योपुर में 27, बडौदा में 11, कराहल में 22, वीरपुर में 8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वृद्ध आश्रम में फल वितरण कर मनाया अपना जन्मदिन

शिवपुरी। वेलफेयर फोटोग्राफर सोसाइटी ग्रुप के सदस्यों को साथ लेकर फोटोग्राफर सुनील जाटव ने अपना जन्मदिन वृद्ध आश्रम में मनाया। जहां सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर फल वितरण कर अपना जन्मदिन मनाया और खुशी जाहिर की और कहा कि सेवाभाव ही सर्वोपरि है। सुबह 11 बजे सुनील जाटव ने अपने हाथों से सभी बुजुर्ग एवं महिलाओं के लिये फल वितरण का कार्यक्रम किया गया और सुनील जाटव ने इस अवसर कहा है कि वे तो हर दिन को ही समाज सेवा के रूप में मनाते हैं ताकि उनके जीवन का हर महत्वपूर्ण दिन दूसरे की भलाई की समर्पित रहे। उन्होंने सभी नागरिकों, समाज सेवियों व शुभचिंतकों से ऐसे कार्यों में भाग लेकर सेवा भाव को बढ़ावा देने की अपील की। इस कार्यक्रम में मौजूद फोटोग्राफर वेलफेयर सोसाइटी की सक्रिय सदस्य सीनियर एवं उन्दा फोटोग्राफर साथी विवेक श्रीवास्तव, ब्रज दुबे, रवि चौहान, नितिन शर्मा, वरुण भार्गव, सुनील कुशवाह, राहुल भोला, खालिद खान अनिल कुशवाह, ब्रजेश कुशवाह, नीरज वाम्या, संतोष ओझा, हेमंत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

10 लाख की चोरी का खुलासा करने पर एसपी का सम्मान

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 4 जुलाई। जयपुर से पति के साथ शिवपुरी मायके आ रही महिला कृष्णा राठौर का 10 लाख की ज्वैलरी का बैग बस में छुट गया था। कोतवाली पुलिस ने छानबीन कर चोरी करने वाले युवक को 12 घंटे के भीतर पकड़ लिया और ज्वैलरी सहित मोबाइल बरामद कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़ पुलिसिंग कार्यशैली से खुश होकर शुक्रवार को राठौर समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी अमन सिंह राठौड़ का माल्यार्पण और पगड़ी भेंट कर सम्मान किया और कहा कि आप जैसे नेक ईमानदार पुलिस अधीक्षक की वजह से हमारी राठौर समाज की महिला को उसकी चोरी हुई ज्वेलरी प्राप्त हुई। इसके समस्त राठौर समाज ने शिवपुरी पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कृष्णा राठौर पति संजीव राठौर, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र राठौर, नारायण राठौर, रामेश्वर राठौर, हरीश राठौर, दीपक राठौर, आकाश राठौर, सोनू राठौर पम्प, सीताराम राठौर, हरविलाश राठौर, पवन राठौर सहित अनेक राठौर समाज के लोग उपस्थित रहे।